

## थप्पड़ कांड के बाद विल स्मिथ ने ऑस्कर कमिटी को भी दिखाई थी अकड़

ऑस्कर विनर ऐक्टर विल स्मिथ का थप्पड़ कांड वाला मामला बढ़ता जा रहा है। अब इसकी जांच अकैडमी भी कर रही है और कमिटी ने हाल ही में खुलासा किया है कि होस्ट क्रिस रॉक को तमाचा मारने के बाद विल से अवॉर्ड शो से जाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी और फ्रंट लाइन में ही कुर्सी पर बैठे रहे। बता दें कि 28 मार्च को शो के दौरान ये वाकिया हुआ था। क्रिस रॉक ने विल स्मिथ की वाइफ जेडा पिंकेट स्मिथ की गंजेपन की बीमारी को लेकर मजाक किया था, जो विल को पसंद नहीं आया था। वो भरी महफिल में स्टेज पर पहुंचे और क्रिस को चांटा रसीद कर दिया। खुद क्रिस सन्न रह गए और समझ नहीं पाए कि उनके साथ क्या हुआ। वहीं, डॉल्बी थियेटर में बैठे सिलेब्स और स्क्रीन पर ऑस्कर देख रही पूरी दुनिया भी हैरान रह गई। इस घटना के बाद ऑस्कर कमिटी ने विल को शो छोड़कर जाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया और अपनी कुर्सी पर जमे रहे। यही नहीं, विल को शकिंग रिचर्डश मूवी के लिए बेस्ट ऐक्टर का अवॉर्ड भी मिला। उन्होंने मंच पर जाकर स्पीच दी। इस दौरान वो इमोशनल भी हो गए और अपने बिहेवियर के लिए माफी मांगी, लेकिन क्रिस को सॉरी नहीं कहा।

## कटरीना कैफ की गोद में फुर्सत के पल बिताते नजर आए शर्टलेस विक्की कौशल

न्यूलीवेड कटरीना कैफ और विक्की कौशल काम से फ्री होकर हनीमून पर निकल पड़े हैं। कटरीना कैफ ने वेकेशन से शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। पति विक्की कौशल के साथ कटरीना कैफ रोमांटिक पोज देते नजर आ रही हैं। शादी के तुरंत बाद दोनों अपनी फिल्मों की शूटिंग में बिजी हो गए थे। अब शूटिंग से फ्री होकर कटरीना कैफ और विक्की कौशल हनीमून पर निकले हैं जहां दोनों समंदर किनारे नेचर का लुत्फ उठा रहे हैं। कटरीना ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर विक्की कौशल के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटो में विक्की कौशल पत्नी कटरीना की गोद में लेटे हुए हैं और दोनों नेचर को एन्जॉय कर रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में कटरीना बिकिनी में काला चश्मा लगाए कूल पोज देती दिख रही हैं तो विक्की कौशल शर्टलेस नजर आ रहे हैं। कटरनी कैफ और विक्की कौशल की इन रोमांटिक तस्वीरों को देख फैंस ने रिएक्ट करना भी शुरू कर दिया है। धड़ल्ले से फैंस हार्ट और फायर वाले इमोजी इन तस्वीरों पर शेयर कर रहे हैं। वहीं कटरीना की इस तस्वीर को आधे घंटे के अंदर 5 लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले।

## किस दिन कर रहे हैं शादी? रणबीर बोले– मुझे पागल कुत्ते ने नहीं काटा है



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों अपकमिंग मूवी ब्रह्मास्त्र के साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में हैं। उनकी शादी को लेकर हर दिन खबरें आ रही हैं। सभी जानना चाहते हैं कि आखिर ये लवबर्ड्स कब सात फेरे लेगा। उन्हें दूल्हा और दुल्हन के रूप देखने के लिए हर फैन की आंख तरस रही है। इस बीच ऐक्टर ने वेडिंग से जुड़ी अफवाहों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने ये गुड न्यूज भी दी है कि वो आलिया संग जल्द शादी करेंगे। आलिया और रणबीर सालों से एक–दूसरे को जानते हैं, लेकिन दोनों ने साल 2018 में डेट करना शुरू किया था, जब उन्होंने श्ब्रह्मास्त्रश के लिए साथ काम करना शुरू किया था। दोनों ने हाल ही में वाराणसी में इसकी शूटिंग पूरी की। करीब 5 साल बाद फिल्म की शूटिंग खत्म हुई। ये फिल्म 9 सितंबर 2022 को रिलीज होगी और रणबीर–आलिया पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ने किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया है। हालांकि, कई विज्ञापनों में साथ नजर आ चुके हैं। फैंस कयास लगा रहे हैं कि ये लवबर्ड्स सितंबर में फिल्म रिलीज होने से पहले शादी करेगा। रणबीर कपूर ने कहा, मुझे पागल कुत्ते ने नहीं काटा है कि मैंने मीडिया को अनाउंस कर दूं डेट। लेकिन मेरे और आलिया का इरादा जल्द शादी करने का है।

# अफेसिया वो गंभीर बीमारी जिसके कारण ब्रूस विलिस ने छोड़ी ऐक्टिंग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*हॉलिवुड के मशहूर ऐक्टर ब्रूस विलिस ने गंभीर बीमारी की वजह से फिल्म इंडस्ट्री और ऐक्टिंग को अलविदा कह दिया है। वह अब ऐक्टिंग नहीं करेंगे। दरअसल ऐक्टर के परिवार ने ऑफिशियल बयान जारी करते हुए बताया कि आखिर ब्रूस को कौन सी बीमारी हुई है और क्यों ये बीमारी होती है।*

**हॉलीवुड ऐक्टर ब्रूस विलिस को हुई ये बीमारी**

हॉलिवुड के मशहूर ऐक्टर ब्रूस विलिस की फैमिली ने बताया कि वह ऐक्टिंग से नाता तोड़ रहे हैं। 40 साल से भी ज्यादा वक्त इंडस्ट्री में गुजार चुके ब्रूस अब फिल्म दुनिया को अलविदा कह रहे हैं। इसका कारण है ब्रूस विलिस को गंभीर बीमारी हो गई है जिसकी वजह से वह अब फिल्में नहीं कर पाएंगे। ब्रूस विलिस के दुनियाभर के फैंस उनकी बीमारी के बारे में जान निराश हो गए और उनकी चिंता करने लगे। ऐक्टर के परिवार ने ऑफिशियल बयान जारी करते हुए बताया कि आखिर ब्रूस को कौन सी बीमारी हुई है और क्यों ये बीमारी होती है।

**बीमारी के चलते छोड़ा करियर**

सोशल मीडिया पर ब्रूस विलिस के परिवार ने उनके रिटायरमेंट को लेकर ऑफिशियल बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि श्ब्रूस विलिस के शानदार सपोर्ट्स रहे हैं एकदम परिवार की तरह। लेकिन ब्रूस को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही है। हाल में ही पता चला है कि ब्रूस विलिस को अफेसिया नामक बीमारी है। इस बीमारी के चलते वह फिल्म करियर को यहीं विराम लगा रहे हैं ताकि अपनी सेहत पर ध्यान दे सकें। ये ब्रूस और हमारे परिवार के लिए मुश्किल समय है। आप सभी के प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। आइए आपको बताते हैं कि आखिर ये बीमारी क्या है और इसके चलते किस तरह की उन्हें परेशानी फेस करनी पड़ रही है।



**कौन हैं ब्रूस विलिस और करियर**

सबसे पहले तो ये जान लीजिए कि ब्रूस विलिस को इंडस्ट्री में 4 दशक से भी ज्यादा हो गए हैं। उन्होंने इन सालों में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। करीब 100 से भी ज्यादा फिल्मों में उन्होंने अभिनय किया है। वह आखिरी बार श्ए डे टू डायश में नजर आए थे जो इसी साल मार्च में रिलीज हुई। उनके करियर की मशहूर फिल्मों की बात करें तो पल्प फिक्शन और द सिक्स्थ सेंस जैसी कई फिल्में हैं जो शानदार मानी जाती हैं और इसके लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स से भी सम्मानित किया गया।

**क्या है अफेसिया**


अफेसिया को हिंदी में वाचाघात कहते हैं। इस बीमारी के चलते पीड़ित को लैंग्वेज डिसॉर्डर का सामना करना पड़ता है। इंसान बोलने, लिखने और कम्युनिकेट करने में कई तरह की दिक्कतें महसूस करता है। इस बीमारी में ब्रेन का वो हिस्सा डैमेज हो जाता है जो लैंग्वेज एक्सप्रेशन और समझ को कंट्रोल करता है।

**क्यों होती है अफेसिया बीमारी**

जानकारों की मुताबिक अफेसिया जैसी बीमारी सिर में चोट लगने या फिर स्ट्रोक की वजह से हो सकती है। इसके अलावा ब्रेन ट्यूमर भी इस बीमारी की वजह बन सकती है। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2015 तक 16.68 लाख से ज्यादा लोग भारत में इस बीमारी से जूझ रहे हैं। माना जा रहा है कि 1 लाख लोगों में से 133 लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं।

# छह दिनों में आरआरआर ने कमाए 611 करोड़

*एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर का क्रेज बॉक्स ऑफिस बढ़ रहा है। फिल्म ने वीकेंड पर धमाकेदार कमाई की थी, जबकि वीकडेज में भी फिल्म अपनी तेज रफ्तार से टिकट खिड़की पर अपना कब्जा बनाए हुए है। दिलचस्प है राम चरण और जूनियर एनटीआर की इस पीरियड ड्रामा फिल्म ने 6 दिनों में वर्ल्डवाइड 611 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। आने वाले कुछ दिनों में यह बाहुबली 1 की कमाई का रेकॉर्ड तोड़ देगी।*




आरआरआर ने इसी के साथ अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी को पीछे छोड़ दिया है। 120 करोड़ के आंकड़े तक पहुंचने के लिए सूर्यवंशी को 7 दिन लग गए थे। अनुमान है कि फिल्म गुरुवार को अपने पहले हफ्ते के आखिरी दिन कम से कम 12–13 करोड़ रुपये का बिजनस करेगी। इस तरह पहले हफ्ते में हिंदी वर्जन से कुल कमाई 132–133 करोड़ रुपये रहेगी। जाहिर तौर पर अब आरआरआर की नजर द कश्मीर फाइल्स पर है।

**द कश्मीर फाइल्स की कमाई 234 करोड़ पार**

आरआरआर को सबसे बड़ा फायदा वर्ड ऑफ माउथ से मिला है। दर्शक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं और इसे एंटरटेनिंग और ग्रैंड बता रहे हैं। यही कारण है कि वीकडेज में भी फिल्म की कमाई बहुत घट नहीं रही है। मंगलवार की तुलना में बुधवार की कमाई में 10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आरआरआर आसानी से हिंदी वर्जन से 200 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगी। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्ष्या यह विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स की कुल कमाई के रेकॉर्ड को तोड़ पाएगी। द कश्मीर फाइल्स ने 20 दिनों में 234 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। जबकि टिकट खिड़की पर इस फिल्म की कमाई का दौर अभी भी जारी है।

**6 दिनों में सिर्फ देश में हुई 474 करोड़ की कमाई**

ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरआरआर ने 6 दिनों में वर्ल्डवाइड 611 करोड़ का बिजनस कर लिया है। जबकि इसमें से 474 करोड़ रुपये सिर्फ देसी बॉक्स ऑफिस से है। फिल्म हिंदी के साथ ही तेलुगू वर्जन से सबसे ज्यादा कमाई कर रही है। अच्छी बात यह है कि शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की अटैक रिलीज हो रही है। यह फिल्म मूल रूप से बड़े शहरों के ऑडियंस को प्रभावित कर सकती है।